पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनायें - राज्यपाल

लखनऊ: 24 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वे अग्रवाल समाज को मुम्बई के होने के कारण करीब से जानते हैं। अग्रवाल समाज में लोकहित में कार्य करने की अद्रभुत प्रथा हैं।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम् का उल्लेख करते हुये कहा कि महाराजा अग्रसेन ने इसी भाव को साकार किया है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द के शिकागों भाषण का उल्लेख करते हुये कहा कि उनका सम्बोधन ‘‘भाइयों एवं बहनों ‘‘ पूरे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इसी भाव से उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिये सहयोग करना चाहिये।

कार्यक्रम में लखनऊ के महापौर डॉ०दिनेश शर्मा के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी सम्बोधित किया।

अंजुम/रा0/राजभवन